तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

12 विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने जनपद...



11 सेवा संकल्प अभियान में सेवा सेतु शिविर ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



2 करोड़ की लागत से बना औरी सब-स्टेशन, 67 गांवों के 35 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

वोल्टेज और बार-बार ब्रेकडाउन की समस्या से मिलेगी राहत, उतई क्षेत्र को भी मिलेगा फायदा

क्षेत्र की विद्युत पारेषण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 42 करोड 33 लाख रुपये से नवनिर्मित 132/33 केवी सब–स्टेशन एवं लाइन औरी जामगांव को सफलतापूर्वक चार्ज एवं कमीशन किया गया। सब–स्टेशन का कमीशनिंग कार्य प्रबंध निदेशक, छग स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड राजेश कुमार शुक्ला के द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सीएसपीटीसीएल के ईडी (लाइन) इंजीनियर संजय पटेल, ईडी (ट्रांस.) इंजीनियर वीके. दीक्षित, ईडी एवं इंजीनियर केएस. मनोटिया, ईडी (फाइनेंस) इंजीनियर एमएस. चौहान, ईडी डीआर इंजीनियर एसके. सलोट, मुख्य अभियंता (सिविल) इंजीनियर संजय तिवारी, मुख्य अभियंता इंजीनियर अब्राहम वर्गीस, मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) इंजीनियर प्रसन्ना गोसावी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। ट्रांसमिशन कंपनी ने ग्राम औरी में 132 केव्ही विद्युत लाइन विधिवत पूजा अर्चना के साथ चार्ज किया। पूजा अर्चना जामगांव आर के पुरोहित मुकेश शुक्ला ने कराया। इस समारोह के मुख्य अतिथि ट्रांसमिशन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश कुमार शुक्ला थे। इस सुविधा का सीधा लाभ क्षेत्र के 67 ग्रामों के 35000 उपभोक्ता को मिलेगा। जामगांव आर गाढ़ाडीह बेलहारी रिवागहन सेलूद को पाटन और इरागुडा 132 केव्ही स्टेशन पर ▶▶| शेष पेज 10 पर



गुणवक्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी

औरी के इस स्टेशन का लाभ उतई को भी मिलने से नकारा नहीं जा सकता। जामगांव आर कनिष्ठ यंत्री ऋचा साहू ने बताया कि हम लोग विद्युत वितरण का काम देखते है इसलिए ट्रांसमिशन कंपनी की कार्य क्रियान्वयन के बारे में डिटेल जानकारी नहीं है। कार्यक्रम में इंजीनियर आईएस. कंवर, आरके. तिवारी एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीपी. सिंह तथा इंजीनियर सुनील के. भार्या, करुणेश यादव, विक्रम मंडाना, पुष्पा पिल्लई एवं अधीक्षण अभियंता कंचन हिशीकर सहित अधिकारी, अभियंता, कर्मचारी एवं परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नवनिर्मित 132/33 केवी सब–स्टेशन के शुरू होने से पाटन क्षेत्र एवं दुर्ग जिले के आसपास के क्षेत्रें में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवक्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र के पारेषण नेटवर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

खबर संक्षेप

अकतई के छबिलाल ने लखनऊ में लहराया परचम, नेशनल बॉडी बिल्डिंग में तीसरा स्थान



जामगांव आर। गांव अकतई के मजदूर परिवार उदयराम, सरिता बाई निषाद के पुत्र छबिलाल निषाद ने 28 सितंबर को लखनऊ उत्तर प्रदेश में नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छबिलाल निषाद के इस उपलब्धि से हर्षित ग्राम पंचायत सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने अपने भतीजा का स्वागत किया। छग की टीम में छबीलाल निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। चाचा सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागीयों की संख्या लगभग 2500 थी। विदित हो कि अकतई इतना छोटा–सा गांव है कि इसके साथ दो गांव चारभाठा और रीवागहन को जोड़कर कर एक पंचायत बनाया गया है।

18 सूत्री मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने खोला मोर्चा ज्ञापन सौपा

गुण्डरदेही। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छग द्वारा नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारी के समस्याओं के निदान हेतु मांगों को लेकर ध्यान आकर्षित करते हुए 18 सूत्री मांग मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव छग शासन के नाम अपर कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें संघ पदाधिकारी द्वारा ओल्ड पेंशन, नियमित वेतन भुगतान सहित 18 सूत्री मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने हेतु विशाल राम साहू, आशीष गौतम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

वृद्धजन दिवस पर 100 वरिष्ठजनों का होगा सम्मान

बालोद। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 100 वरिष्ठजनों का सम्मान होगा। इस दौरान जरूरतमंदों को सहायक उपकरण भी मिलेंगे। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से जिले में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर को जिला स्तरीय आयोजन के रूप में गंगा मैया ▶▶| शेष पेज 10 पर

बैठक

दिशा समिति की बैठक में सांसद नाग ने की कलेक्टर की तारीफ

सांसद ने सात घंटे ली बैठक, गांवों में रोजगार देने, पीएम आवास बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं सांसद भोजराज नाग ने की।

- ग्रामीण आवास, रोजगार, कृषि, पेयजल और स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा

लगभग छह से सात घंटे चली मैराथन बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, सभी जनपद अध्यक्ष सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष के अलावा वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिला स्तरीय दिशा समिति की बैठक का संचालन कर रही हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, समिति सदस्यों और अधिकारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। दिशा समिति की समीक्षा बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जानकारी दी कि आज की इस समीक्षा बैठक में कुल 37 विषय हैं, जिन पर दिशा समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति व अध्यक्षता में विभागवार विस्तृत समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने–अपने विभागों से संबंधित एजेंडा और उपलब्धियों की सटीक एवं बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत करें।



बैठक में भोजराज नाग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारी स्पष्ट, पूर्ण और पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सही जानकारी समय पर प्रस्तुत होना जरूरी है। बैठक में ग्रामीण विकास, रोजगार एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की प्रगति पर चर्चा हुई। अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्व–सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने तथा अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवक्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय कृषिविकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पान योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा में जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल ▶▶| शेष पेज 10 पर

डीएमएफ के 5 करोड़ के विज्ञान केंद्र पर उठे सवाल, निरस्त करने राकेश ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में खनिज न्यास निधि से स्वीकृत विज्ञान केन्द्र जिसकी लागत 5 करोड़ बताई जा रही है को निरस्त करने के लिए जनसेवक व संजारी बालोद विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश यादव ने सांसद भोजराज नाग को ज्ञापन सौपा।

- 64 स्कूल भवनविहीन, करीब 100 जर्जर भवनों का दिया हवाला; शिक्षकों के रिक्त पद भरने की भी मांग

उन्होने ज्ञापन में मांग किया है कि बालोद जिला खनिज न्यास निधि से ग्राम खम्हारटोला प्राथमिक शाला में 5 करोड़ की लागात से विज्ञान केन्द्र बनाने का कार्य स्वीकृत किया गया है, ऐसे विज्ञान केन्द्र की स्थापना का बालोद जिले में कोई औचित्य नहीं है क्योंकि जिला में प्राथमिक, मिडिल, उच्च माध्यमिक, स्कूल भवनों की आव"यकता है। सैकड़ों विद्यालयों के गर्ल्स टॉयलेट की व्यवस्था ठीक नहीं है, कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, जिससे बालोद जिले के बच्चों को पढ़ाई करने में असुविधा होती है और उन्हें उनकी रूचि के विशय में ▶▶| शेष पेज 10 पर



रेलवे पुल के ऊपर सड़क धंसी, पाइपलाइन का जॉइंट खुला; वार्ड 10 में दो दिन से पेयजल संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पुराना बाजार से दल्ली माइंस जाने वाली मुख्य सड़क पर महुआ पेड़ के पास रेलवे पुल के ऊपर सड़क धंसने से हड़कंप मच गया। सड़क धंसने के साथ ही नीचे बिछी पेयजल पाइपलाइन का जॉइंट खुल गया, जिसके कारण वार्ड क्रमांक 10 में पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने मौके की स्थिति का जायजा लेकर पेयजल बहाली और सड़क सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराया। बताया गया कि रेलवे पुल के ऊपर सड़क के हिस्से में पानी निकासी के लिए बनाया गया होल सड़क की सतह से करीब 9 इंच ऊंचा है। स्थानीय जनसेवक रूपचंद निषाद के अनुसार, बारिश का पानी समुचित रूप से नहीं निकल पाने के कारण लंबे समय तक सड़क पर जमा होता रहा। पानी धीरे-धीरे जमीन में रिसने से सड़क के नीचे की मिट्टी कमजोर हुई और जमीन बैठने के कारण सड़क का हिस्सा धंस गया। इसी दौरान नीचे से गुजर रही पेयजल पाइपलाइन का जॉइंट खुल गया।

- अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने मौके का लिया जायजा, रेलवे और बीएसपी के साथ मिलकर स्थायी सुधार की तैयारी

दो दिन से प्रभावित है वार्ड 10 की पेयजल आपूर्ति

क्षतिग्रस्त पाइपलाइन वार्ड क्रमांक 10 के संतोषी मंदिर स्थित बोर से वार्ड 18 होते हुए वार्ड 10 में पेयजल आपूर्ति करती है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद वार्ड के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए नगर पालिका की पेयजल टीम को सुबह से ही मौके पर तैनात कर मरम्मत कार्य शुरू कराया गया।

शिकायत मिलते ही अध्यक्ष ने संभाला मोर्चा

वार्ड पार्षद मालती निषाद से सड़क धंसने और पाइपलाइन टूटने की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने दल्ली माइंस मैनेजर, बीएसपी सिविल मेंटेनेंस के एजीएम रमेश हेड़ऊ और रेलवे स्टेशन मास्टर से चर्चा कर सड़क एवं पेयजल व्यवस्था को जल्द बहाल करने के लिए संयुक्त कार्रवाई की दिशा तय की।

पहले ही करा दी गई थी बैरिकेडिंग।: इससे सड़क धंसने वाले हिस्से में आवागमन को लेकर संभावित दुर्घटना ▶▶| शेष पेज 10 पर

300 से अधिक नुकीले कड़े उतरवाए, दर्जनभर लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

100 जवानों के पहरे में शांतिपूर्ण हुआ गणेश विसर्जन, 9 डीजे पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में गणेश विसर्जन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, जिसमे 100 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाला। 9 डीजे संचालकों पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। चालान न्यायालय में पेश सुरक्षा के लिए युवाओ द्वारा पहने 300 से अधिक नुकीले कड़े उतरवाए गए।

गणेश उत्सव के समापन पर मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। अलग–अलग गणेश समितियों की झांकियां और विसर्जन जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों् से होकर गुजरे। देर रात से लेकर सुबह तक शहर में उत्सव का माहौल रहा, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में डीजे और अन्य ध्वनि यंत्र शामिल रहे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 9 डीजे संचालकों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार कार्यवाई के बाद सभी संबंधित चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर दिए गए हैं। अब प्रकरणों में आगे की कार्रवाई न्यायालय द्वारा की जाएगी। विसर्जन जुलूस के दौरान भीड़ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने विशेष सतर्कता बरती। पुलिस जवानों ने युवाओं द्वारा पहने गए नुकीले कड़े उतरवाए। जानकारी के मुताबिक करीब 300 से अधिक नुकीले कड़े उतरवाए गए। पुलिस का कहना है कि भीड़भाड़ वाले आयोजन में किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोकने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। पुलिस ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब दर्जनभर लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की। इन्हें सुरक्षा के मद्देनजर एहतियातन जेल में निरुद्ध किया गया ▶▶| शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप

'सोन के फर' से चिटौद के बच्चों की प्रतिभा पहुंचेगी आकाशवाणी तक आज होगा प्रसारण



गुरूर। आकाशवाणी छत्तीसगढ़ बाल वाटिका कार्यक्रम में प्राथमिक शाला चिटौद के बच्चों द्वारा तैयार की गई लघु नाटिका सोन के फर का प्रसारण आकाशवाणी छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम बाल वाटिका में किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 1 अक्टूबर को प्रातः 08:30 बजे आकाशवाणी के मीडियम वेव 981 किलो हर्ट्ज के फ्रीक्वेंसी तथा आकाशवाणी के अधिकारिक मोबाइल ऐप पर एक साथ सुना जा सकेगा। यह लघु नाटिका ईश्वरी कुमार सिन्हा के संयोजन और बीरभान साहू की प्रस्तुति में तैयार की गई है। इसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने अपनी स्थानीय संस्कृति और कला को मंच देते हुए स्वर, संस्कार और संवाद का सुंदर तालमेल प्रस्तुत किया है।

तीन दशक बाद उसी परिसर में लौटेंगे गुरूर स्कूल के 'पुराने छात्र'

गुरूर। शासकीय हायर सकेंडरी स्कूल गुरूर में 1988 से 1999 के मध्य अध्ययन करने वाले छात्र पहली बार एक मंच पर जुटेंगे, इस दौरान अपने गुरूजनों का सम्मान कर आर्शीवाद लेंगे एवं दिवंगत गुरूजनों को श्रद्धांजलि के साथ अपने दिवंगत साथियो को भी श्रद्वाजली अर्पीत करेंगे। रियूनियन में शामिल होने वाले पूर्व छात्र उसी परिसर में पहुंचेंगे, जहां उन्होंने अपनी जीवन का महत्वपूर्ण समय बिताया था। स्कूल की कक्षाएं, मैदान, शिक्षक और सहपाठियों के साथ बिताए पल एक बार फिर यादों को ताजा करेंगे। लंबे अंतराल के बाद मिलने वाल पुराने मित्रें के बीच अनुभवों और पुरानी घटनाओं को साझा करने का भी अवसर मिलेगा। गुरूर हायर सकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करने वाले पूर्व विद्यार्थियों के लिए 2 अक्टूबर एक यादगार पल बनने जा रहा है। स्कूल के इतिहास में पहली बार पुराने विद्यार्थियों का वृहद रियूनियन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वर्षों बाद अपने पुराने स्कूल परिसन में लौटकर पूर्व छात्र अपने सहपाठियों और गुरूजनों से जुड़ी यादों को साझा करेंगे। विद्यालय में सेवाएं दे चुके अन्य शिक्षकों को भी रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

गंगा मैया मंदिर और तांदुला नहर क्षेत्र में आज चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिले में 'जल जन सेवा संकल्प 2026' एवं 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता तथा जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद अभियान के तहत जिले के प्रमुख आस्था केंद्र गंगा मैया मंदिर परिसर झलमला एवं जीवनदायिनी तांदुला नहर क्षेत्र में 01 अक्टूबर को सुबह 08 से 09 बजे तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नहर तटों एवं मंदिर परिसर की सघन साफ–सफाई, कचरा संग्रहण तथा उसका उचित निपटान सुनिश्चित किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों में स्वच्छता के प्रति व्यक्तिगत एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना तथा प्राकृतिक जलस्त्रेतों के संरक्षण एवं संवर्धन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा समस्त जिलेवासियों से अपील की गई है कि 01 अक्टूबर को प्रत्येक ग्राम एवं नगरीय निकाय में आयोजित होने वाले '01 दिन 01 घंटा एक साथ' श्रमदान अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं मातृशक्ति से आग्रह किया है कि वे 'स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है' के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए एक घंटे का श्रमदान अवश्य करें।

पारस पोर्टल से जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा, समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश

एग्रीस्टैक में हर पात्र किसान का शत-प्रतिशत पंजीयन कराएं : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बारिश–बाढ़ प्रभावितों का शीघ्र सर्वे कर राहत पहुंचाने कहा
- सेवा सेतु और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी होगा समयबद्ध निराकरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय महानदी भवन से पारस प्रोजेक्ट असेसमेंट रिव्यू एंड एनालिसिस सिस्टम पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान बालोद जिले से कलेक्टर दिव्याश्रि, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री साय ने एग्रीस्टैक में प्रत्येक पात्र किसान का शत–प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी वास्तविक किसान पंजीयन से वंचित न रहे। एग्रीस्टैक किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। उन्होंने जिलों में विशेष अभियान चलाकर लंबित कार्योंको प्राथमिकता से पूरा करने तथा डिजिटल फसल सर्वेक्षण को भी निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।





मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रें की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित परिवारों के मकान, फसल, पशुधन एवं अन्य संपियों को हुई क्षति का शीघ्र सर्वे कराने तथा पात्र परिवारों तक राहत एवं सहायता समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने राहत शिविरों एवं स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और हैंडपंपों के क्लोरीनीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने वेंडर्स की संख्या बढ़ाने, सोलर दीदियों को प्रोत्साहित करने और हितग्राहियों के लिए ऋण की सुविधा आसान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजना से परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा के साथ विद्युत आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल–पुलिया और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लंबित कार्योंकी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक बाधाओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। भूमि संबंधी प्रकरणों तथा वन एवं अन्य विभागों से संबंधित अनुमतियों के मामलों को अंतर्विभागीय समन्वय से प्राथमिकता के साथ हल करने को कहा गया, ताकि स्वीकृत विकास कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। मुख्यमंत्री साय ने ग्राम पंचायतों में आधारभूत अधोसंरचना से जुड़े आवश्यक कार्योंको प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत कार्योंको गुणवक्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांवों में बेहतर आधारभूत सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्रें में नागरिक सुविधाओं और विकास को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने सेवा सेतु एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों और शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी छोटी–छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बार–बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, गुणवक्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पारस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को प्रमुख योजनाओं, विकास कार्योंऔर जनसेवाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं की प्रगति की निगरानी के साथ–साथ कार्योंमें आने वाली बाधाओं की पहचान कर उनका समय पर समाधान करना है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शासन की योजनाएं केवल कागजों और आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचे और विकास कार्यों का सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखाई दे।

वीजीपीपी निर्माण को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

- पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका को योजना में मिलेगा प्राथमिकता

बालोद। जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आज वीबी जीरामजी अंतर्गत 'विकसित ग्राम पंचायत प्लान' (वीजीपीपी) के निर्माण के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण एवं सतत विकास के लिए एक सुदृढ़ व प्रभावी कार्ययोजना (विजन प्लान) तैयार करना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ चंद्रवंशी ने बताया कि विकसित ग्राम पंचायत प्लान के तहत श्रम एवं सामग्री के 60:40 अनुपात को समायोजित करते हुए ग्रामीण अंचलों में अधोसंरचनात्मक विकास को गति दी जाएगी। इसके अंतर्गत गांवों में शुद्ध पेयजल, पक्की सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीणों की आजीविका के साधनों में वृद्धि करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने की समग्र रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने विभागों से संबंधित योजनाओं को समाहित करते हुए एक एकीकृत (इंटीग्रेटेड) विकास योजना तैयार करें, जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सीईओ ने लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को शासन की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं को आपस में कन्वर्जेंस (अभिसरण) करने पर विशेष बल दिया, जिससे ग्रामीणों को गांव स्तर पर ही रोजगार और सशक्त आजीविका के बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकें। कार्यशाला में जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी एवं प्रोग्रामर द्वारा वीजीपीपी, ग्राम पंचायत स्तर पर योजना तैयार करने के तौर–तरीके, वाटर बजट तथा संबंधित तकनीकी व ऑनलाइन प्रक्रियाओं के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समापन अवसर पर अधिकारियों–कर्मचारियों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता और तेजी के साथ लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।

आईटीआई में महिला-बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डौंडी में बालकों एवं महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को महिला व बाल अधिकारों के साथ–साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा तंत्रें एवं कानूनों से भली–भांति अवगत कराना था।

जागरूकता सत्र के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं जैसे मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को विशेष रूप से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रमुख कानूनी प्रावधानों, दंड और सुरक्षात्मक उपायों के बारे में बताया गया। विभागीय अधिकारियों ने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण एवं बच्चों के साथ घटित होने वाले लैंगिक अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूक करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपात अथवा संकट की स्थिति में तत्काल टोल–फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा की स्थिति में सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से मिलने वाली विधिक, चिकित्सीय एवं परामर्श सेवाओं के बारे में बताया गया।

विभागीय प्रतिनिधियों ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनने के साथ–साथ अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी महिला एवं बाल अधिकारों के प्रति सजग बनाएं। कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य की मास्टर ट्रेनर (डौंडी) मोना रावत, प्रशिक्षण अधिकारी गुलाब, कविता परगनिहा, राज्यश्री जोशी, नंदकुमार साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू, परियोजना समन्वयक वेदप्रकाश साहू, जिला मिशन समन्वयक मिशन शक्ति सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



कोदूराम दलित की पुण्यतिथि पर साहित्यकार रमेश को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ी प्रांतीय साहित्य समिति जिला इकाई बालोद द्वारा ग्राम पेंड्री में जनकवि कोदूराम दलित पुण्यतिथि का आयोजन कर वरिष्ठ साहित्यकार रमेश यादव निवासी पेंड्री को कोदूराम दलित सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें समिति के जिला इकाई बालोद के अध्यक्ष केशव राम साहू, साहित्यकार शिव कुमार अंगारे, दिगेंद्र साहू, विजय कुमार टंडन, द्रोण सार्वा, श्रवण कुमार सोनी, बेणीराम उपस्थित थे। सभी कवियों ने कोदूराम दलित के साहित्यिक योगदान का बखान करते हुए काव्य पाठ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में कोदूराम दलित के जन्म स्थल ग्राम टिकरी के पूर्व सरपंच व देवांगन समाज के अध्यक्ष रितेश देवांगन उपस्थित हुए।, जिन्होंने कहा कोदूराम दलित ऐसे ख्याति प्राप्त किए थे कि नवागढ़ का कॉलेज उनके नाम पर छग शासन द्वारा किया गया है एवं उनके ही कारण ग्राम टिकरी को गौरव ग्राम का दर्जा प्राप्त है। वे आजादी के अलख जगाने के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान साहित्य के माध्यम से करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत पेंड्री के सरपंच जीतेश्वरी ठाकुर ने किया। ज्ञात हो कि 80 के दशक में रमेश यादव के गाए हुए लगभग 150 गीत आकाशवाणी रायपुर प्रसारित हो चुके हैं। इस अवसर पर ग्राम के सूरजमुखी संस्था में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मूर्धन्य पुराने कलाकार माखनलाल ठाकुर एवं माखनलाल साहू का भी सम्मान किया गया। जिन्होंने पुराने जमाने को यादकर रोमांचित हो गए और कहा कि कलाकार की कला सदैव अमिट रहता है। ग्रामवासी के रूप में ग्रामीण अध्यक्ष भरत लाल साहू, राकेश कुमार, नम्मूलाल साहू, चमन ठाकुर, थानेश्वर सिंह, मुरली साहू, गेश्वर, अनिरुद्ध, कुमारी साहू उपस्थित थे।

शिकारीपारा में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज नगर पालिका परिषद बालोद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 शिकारीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ।

आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट एवं निष्ठापूर्वक सेवाएं प्रदान करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिता और मितानिन को शॉल, श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। वार्ड 18 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आयशा खान ने सम्मान प्राप्त करने पर अत्यंत खुशी व्यक्त करते हुए आंगन मिलन सेवा जैसे कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की और इस संबल व सम्मान के लिए शासन एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान से जमीनी स्तर पर सेवा कार्योंर् को पूरी निष्ठा व ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने की नई प्रेरणा मिलती है।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने 'सेवा संकल्प अभियान' एवं 'आंगन मिलन सेवा' के मूल उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित नागरिकों, माताओं एवं बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सशक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण की नींव सुपोषित बचपन से ही रखी जाती है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थोंर्, हरी सब्जियों व अनाजों से युक्त आकर्षक रंगोली व पोषण प्रदर्शनी सजाई गई, जिसके माध्यम से गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को संतुलित आहार की उपयोगिता समझाई गई। साथ ही महिलाओं व बच्चों के लिए स्वास्थ्य परामर्श एवं मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन हुआ।

महाविद्यालय गुरूर के नवीन बने मिस्टर फ्रेशर, उर्वशी ने जीता मिस फ्रेशर का खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में प्रवेशोत्सव अभ्युदय का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार साहू ने 'अभ्युदय' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि अभ्युदय का आशय उन्नति, विकास एवं सफलता की ओर अग्रसर होने से है।

वरिष्ठ विद्यार्थियों से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को मार्गदर्शन, सहयोग एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने अपना परिचय देते हुए अपनी रुचियों, प्रतिभाओं एवं भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया। इसके पश्चात खेलकूद प्रतियोगिताओं, छग लोकनृत्य, गीत–संगीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह का आयोजन किया गया। प्रवेशोत्सव के दौरान मिस्टर एवं मिस फ्रेशर' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नवीन साहू ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर 'मिस्टर फ्रेशर' का खिताब अपने नाम किया, वहीं उर्वशी सिन्हा ने अपनी 'मिस फ्रेशर' का खिताब हासिल किया। महाविद्यालय के निदेशक ताराचंद देवांगन, प्राचार्य दिलीप कुमार साहू सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष

2 करोड़ की लागत से बना ....

निर्भर रहना होता था, किंतु औरी 132 कैव्ही स्टेशन चार्ज हो जाने से बेहतरीन सुविधा सरप्लस हो गई। उक्त जानकारी देते हुए एई भूपेश वर्मा ने बताया कि औरी में 132 कैव्ही सुविधा मिलने से वोल्टेज समस्या, जल्दी ब्रेक डाउन समस्या से राहत मिलगी, क्योंकि अपेक्षाकृत औरी की सबस्टेशनों से दूरी कम है।

सांसद ने सात घंटे ...

विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक के अंत में समिति के अध्यक्ष भोजराज नाग ने अधिकारियों से सकारात्मक दृष्टिकोण और सेवा भाव के साथ जनहित के कार्यों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बेहतर कार्य कर रहा है नाग ने जिले में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर मिश्रा और उनकी प्रशासनिक टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण का लाभ पहुंचाना है।

डीएमएफ के 5 करोड़ के ....

अध्ययन करने का लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसी स्थिति में विज्ञान केन्द्र के लिए 5 करोड़ की राशि खर्च करना कहां तक सही है। जिले के 64 प्राथमिक, मिडिल स्कूल भवन विहीन है। लगभग 100 मिडिल एवं प्राथमिक शाला भवन जर्जर अवस्था में है। इन करोड़ रूपयों से यह व्यवस्था सुधारी जा सकती है। एक विद्यालय में 5 करोड़ रूपये खर्च करने का कोई लाभ नहीं होने वाला है। वनांचल के बच्चों को इस विज्ञान केन्द्र से ज्यादा प्राथमिक शाला भवन, मिडल स्कूल भवन, अतिरिक्त कमर गर्ल्स–बॉयज टॉयलेट और विशयवार शिक्षकों की आव"यकता है। शिक्षक, व्याख्याता और प्राचार्यों के सैकड़ों पद रिक्त है। इस राशि से 250 से अधिक संगवारी शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है जिससे आदिवासी अंचल के बच्चों को मिल सके। राकेश यादव ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन विकाश शील, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन सुबोध सिंह को भी पत्र लिखा है।

शिकायत मिलते ही अध्यक्ष ...

का खतरा कम हुआ। इसके बाद अब सड़क के स्थायी सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नारायणपुर से रेलवे की टीम भी पहुंचेगी नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बताया कि रेलवे के कर्मचारियों को नारायणपुर से भी बुलाया गया है। रेलवे और नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई से सड़क का सुधार कार्य तेजी से पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति को भी जल्द बहाल करने का लक्ष्य रखा गया है और वार्ड 10 में पानी की सप्लाई पूरी तरह शुरू कराने के लिए टीम लगातार काम कर रही है।

वृद्धजन दिवस पर 100 ...

मंदिर प्रांगण झलमला, में आयोजित होगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 100 वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। सम्मान स्वरूप वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आवश्यकता के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों को उपयोगी सहायक उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें वॉकिंग स्टिक (छड़ी) और श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान के साथ–साथ उनकी दैनिक आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करना है।

आज से मोखा, बासीन और भरदा में सेवा सेतु शिविर एक ही छत के नीचे मिलेंगी कई सरकारी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छग शासन द्वारा राज्य में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विकासखंड गुरूर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

सेवा सेतु शिविरों का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक किया जावेगा सेवा सेतु शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने, एवं सेवाओं तक सरल पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। विकासखंड गुरूर में 1 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मोखा एवं 5 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बासीन तथा 7 अक्टूबर को ग्राम पंचायत भरदा में आयोजित होंगे। शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों को मार्गदर्शन एवं सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाएं। मोखा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत हितेकसा, सोनईड़ोगरी, कन्हारपुरी, बोहारडीह, दरगहन, मुड़गहन, धानापुरी, नारागांव, बड़भूम, पोंड, करेंझर, बालोदगहन, बोरिदकला, भेजामैदानी, कोचवाही, कोलिहामार, मोखा, फागुन्दाह, पेण्डरवानी, पेरपार, अकलवारा, परसुली, खुंदनी, सरबदा, दर्रा, उसरवारा, बागतराई, चंदनबिरही, चिटौद, आनंदपुर, मिर्रीटोला, कुम्हारखान, कुलिया, खर्रा, ठेकवाडीह, दुपचेरा, कनेरी शामिल होगें। बासीन कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत अरकार, हसदा, भिरई, बोहारा, डोटोपार, कोसागोंदी, पिकरीपार, मोहारा, सनौद, सांगली, ओझागहन, कंवर, देवकोट, गंगोरीपार, डढ़ारी, अरमरीकला, जेवरतला, डांडेसरा, भोथली, बासीन शामिल होगें।

भरदा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत अर्जुनी, सोंहपुर, सुर्रा, भानपुरी, बोड़रा, धनेली, रमतरा, पेंवरो, घोघोपुरी, बगदई, छेड़िया, तारी, धोबनपुरी, सोरर, कपरमेटा, धनोरा, टे. बरपारा, बोरतरा, भूलनडबरी, भरदा शामिल होगें।

खबर संक्षेप



शिक्षक भोलेश को मिला गुरु गौरव सम्मान

गुण्डरदेही। राज्य स्तरीय गुरु गौरव सम्मान का आयोजन दर्शन मिडिया एवं नावेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के द्वारा बालोद में किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा के शिक्षक भोलेश कुमार महतो को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार के लिए गुरु गौरव सम्मान प्रदान किया गया। स्कूल परिसर में बागवानी और किचन गार्डन को बिना किसी सरकारी सहयोग के तार जाली लगाकर संचालित किया जा रहा है, बच्चों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए टीएलएम. का निर्माण करते हैं जिसके कारण इनके बच्चे ब्लॉक व जिला स्तर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। गुरु गौरव सम्मान 2026 प्राप्त करने पर ग्रामवासियों एवं शिक्षक साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

पाहंदा में तालाब में डूबने से युवक की मौत

भिलाई। तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। शव को एसडीआरएफ की टीम ने मशक्कत के बाद तालाब से बाहर निकाला है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि कैंप 2, शारदा पारा निवासी अश्वनी विश्वकर्मा ग्राम पाहंदा स्थित तालाब में नहाने गया हुआ था। नहाते समय अचानक पैर फिसल जाने के कारण युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला सेनानी, नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं दुर्ग को दी गई। खबर लगते ही एसडीआरएफ दुर्ग की रेस्क्यू टीम जीवन रक्षक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची।

आयोजन

20 आवेदनों पर हुई कार्रवाई, गीला-सूखा सहित चार प्रकार के कचरे को अलग रखने नागरिकों से अपील

सेवा संकल्प अभियान में सेवा सेतु शिविर राशन कार्ड सेवाओं के साथ स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम नागरिकों को राशन कार्ड से जुड़ी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराने और स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से मजबूत करने का प्रयास किया गया।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित शिविर नगर पालिका अध्यक्ष तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के निर्देशन में खाद्य आपूर्ति विभाग के तत्वावधान में हुआ। शिविर में पहुंचे नागरिकों को राशन कार्ड से संबंधित सेवाओं और आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई की गई।

राशन कार्ड से जुड़े 20 आवेदन मिले

शिविर में नया राशन कार्ड बनाने के लिए 3 आवेदन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए 9 आवेदन, ई-केवाईसी के लिए 7 आवेदन तथा राशन कार्ड से नाम काटने के लिए 1 आवेदन प्राप्त हुआ। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आवेदकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा किया।

स्वच्छता के लिए जनभागीदारी पर जोर

सेवा सेतु शिविर के दौरान नागरिकों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए घर और आसपास निकलने वाले कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे कचरा इधर-उधर न फेंककर स्वच्छता दीदियों को सौंपें तथा गीला, सूखा सहित चार प्रकार के कचरे के लिए निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करें।

अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर नगर केवल निकाय के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से संभव है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए नागरिकों से अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने में जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया।

शिविर में पार्षद विशाल मोटवानी एवं भूपेंद्र श्रीवास, खाद्य निरीक्षक कल्याणी मरकाम, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प यात्रा की बाइक रैली का युवाओं ने किया स्वागत





बालोद। राज्य में जनसेवा, सुशासन और समर्पण की भावना को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में बस्तर संभाग से 27 सितम्बर को रवाना हुई 'सेवा संकल्प यात्राा' की बाइक रैली का जिले के प्रवेश द्वार ग्राम पुरूर मे बालोद जिले के युवाओं ने ढोल–नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ रैली का आत्मीय स्वागत किया।

जिले के युवा हिमांशु साहू और अनुप देशमुख ने बताया कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के प्रत्येक नागरिक तक सुशासन, सेवा और जनकल्याणकारी नीतियों का संचाने का सशक्त जन–अभियान है। उन्होंने बताया कि बस्तर से प्रारंभ होकर राजधानी रायपुर की ओर अग्रसर इस यात्रा में बालोद जिले के 50 युवा अपनी बाइक के माध्यम से शामिल हुए हैं।

> ■ सुशासन और जनकल्याण कारी योजनाओं का संदेश

इस दौरान सभी युवाओं ने यातायात नियमों का पालन एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हेलमेट भी पहन रखा था। यह रैली रायपुर पहुचकर गुजरात के वडनगर से उत्तर प्रदेश के बनारस की ओर जा रही राष्ट्रीय सेवा संकल्प यात्रा में सम्मिलित होगी तथा उसका स्वागत व अभिनंदन करेगी। यात्रा के दौरान युवा मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न ग्रामों एवं शहरों में आम नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के ऐतिहासिक सेवा कार्यकाल, जनकल्याणकारी नीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे विकसित भारत और विकसित छग के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आज होगी विकासखंड स्तरीय भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता

डौंडीलोहारा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर, गुरुवार को संजयनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन के तहत प्रत्येक विद्यालय से भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विद्यार्थियों के पंजीयन की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होगी, जबकि प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सुबह 11 बजे किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मक अभिव्यक्ति और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। भाषण एवं चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थी अपने विचारों और कल्पनाओं को प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

चित्रकला प्रतियोगिता में राशि साहू ने हासिल किया प्रथम स्थान



डौंडीलोहारा। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड डौंडीलोहारा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई (कि.) की कक्षा पांचवीं की छात्रा राशि साहू ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और परिजनों में खुशी का माहौल है। राशि साहू ने अपनी चित्रकला के माध्यम से वर्तमान स्कूल की स्थिति से लेकर भविष्य के विकसित स्कूल की कल्पना को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। चित्र में स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण, आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय तथा विकसित भारत की परिकल्पना को रचनात्मक रूप से उकेरा गया। छात्रा की कल्पनाशीलता, विषय की समझ और चित्र में प्रस्तुत संदेश ने निर्णायकों को प्रभावित किया, जिसके आधार पर उसे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। छात्रा राशि ने यह चित्र शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई (कि.) के प्रधान पाठक निर्मल दुबे के मार्गदर्शन में तैयार किया। प्रधान पाठक ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए ऐसे मंच मिलने से उनके आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। राशि की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं परिजनों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विकासखंड के चेंबा नवागांव, कोबा और खैरकट्टा में होगा आयोजन

डौंडीलोहारा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत डौंडीलोहारा विकासखंड में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यालय कलेक्टर, जिला-बालोद के निर्देशानुसार अलग-अलग तिथियों में विकासखंड के तीन स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जारी निर्देश के अनुसार 1 अक्टूबर, गुरुवार को शासकीय हाईस्कूल चेंबा नवागांव में सेवा सेतु शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 3 अक्टूबर, शनिवार को शासकीय हाईस्कूल कोबा तथा 5 अक्टूबर, सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरकुट्टा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि और समय पर शिविर में उपस्थित रहकर अपनी विभागीय जानकारी के साथ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाएं।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में माताओं को पोषण और स्वास्थ्य की दी जानकारी

डौंडीलोहारा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम राघोनवागांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की पूर्व सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना देवरी की पर्यवेक्षक सुमन देवांगन ने की। कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं शिशु देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि



मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुमन देवांगन ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पंच रोशनी राणा हरिता की ओर से न्योता भोज कराया गया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रभा वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को उनके कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मितानिन खेमिन सुधाकर, कांती साहू, नीरा सुधाकर, नीलम देवी, ग्राम प्रमुख राधेश्याम सुधाकर, ज्योतिष सुधाकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति सोनवानी, मंजू सुधाकर, सहायिका पुनीता पटेल, मनीषा, गुलाब सुधाकर, प्रतिभा सुधाकर, एएनएम भुनेश्वरी साडिलय, सीएचओ झमित साहू सहित अन्य ग्रामीण एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम

दल्लीराजहरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 19 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 33 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगीता साहू उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री गीता मरकाम, जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य सुखवंतिन ठाकुर, उषा साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मनजीत कौर एवं डॉली सिंह, रानू ठाकुर, सारिका साहू, मेघा साहू, संगीता ठाकुर तथा सुनीता मानिकपुरी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और वार्डवासियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मानिकपुरी ने मातृ संवाद, व्यंजन प्रदर्शनी एवं पोषण संबंधी प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं को संतुलित आहार, पोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को बिस्किट, चॉकलेट एवं खिलौने वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। धात्री माताओं ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पोषण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम के दौरान मुनगा का पौधा रोपा गया। महिलाओं और बच्चों को पोषण के साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का श्रीफल देकर सम्मान किया गया। वहीं गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर उनके स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 19 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उत्तरा सरवा, उषा गायकवाड़, दीप्ति लता रामटेके, वार्ड क्रमांक 13 की रेमन यादव, वार्ड क्रमांक 14 की उमा, सहायिकाएं मीनाक्षी सिन्हा, सुमन पवार एवं कमलेश्वरी रामटेके सहित स्व-सहायता समूह के सदस्य और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सेवा, पोषण, मातृ संवाद और जनजागरूकता के संदेश के साथ आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम ने वार्ड में सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने का संदेश दिया।

पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर माताओं को दी संतुलित आहार की जानकारी

आंगन मिलन कार्यक्रम में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही





महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वारा मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रो में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं आमजन को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें हरी प सब्जियों, अंकुरित अनाज, गुड़ से बने व्यंजन एवं रेडी–टू–ईट सामग्री से तैयार विभिन्न पौष्टिक आहार प्रदर्शित किए गए। उपस्थित माताओं को घर में उपलब्ध सामग्री से पौष्टिक भोजन तैयार करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर हर घर मुनगा, घर–घर मुनगा अभियान के तहत भी लोगों को प्रेरित किया गया। मुनगा की पत्तियों एवं फलियों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की जानकारी देते हुए इसे दैनिक आहार में शामिल करने तथा घरों में मुनगा का पौधा लगाने के लिए उपस्थित माताओं एवं लोगों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि बच्चों और माताओं का बेहतर स्वास्थ्य पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कुपोषण को दूर करने के लिए परिवार और समाज की जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि घर में उपलब्ध स्थानीय एवं पौष्टिक सामग्री का उपयोग कर बच्चों को संतुलित आहार दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद शैल महोबिया, पार्षद, लोकेश्वरी शंकर यादव एवं एल्डरमैन चेतन सोनकर, अध्यक्ष महिला मोर्चा मंडल गुण्डरदेही संतोषी साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी गुण्डरदेही खलेश्वरी नेताम, सेक्टर सुपरवाइजर, नम्रता चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व बड़ी संख्या में मितानिन एवं माताएं उपस्थित रहीं। अंत में उपस्थित सभी लोगों को पौष्टिक आहार की उपयोगिता एवं पोषण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई।

सिरसिदा के आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन सेवा अभियान' कार्यक्रम



अण्डा। ग्राम पंचायत सिरसिदा के तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन सेवा अभियान' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग एवं बिहान समूह की दीदियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जनपद सदस्य एवं सभापति कौशल किशोर साहू, जनपद सदस्य एवं सभापति हेमलता रविन्द्र देशलहरा, जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. परांते, बिहान समूह की दीदियां तथा ग्राम पंचायत सिरसिदा की सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों के साथ विभिन्न सेवा कार्य किए गए। जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बिहान समूह की दीदियों का सम्मान किया गया। इस दौरान उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अभियान को गांव स्तर पर जनभागीदारी से आगे बढ़ाने की बात कही गई।



खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ के मूलचंद निर्मलकर बने नागपुर शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव

अंडा। प्रदेश महासचिव बालोद जिला संगठन प्रभारी बजरंगी छाटा ने बताया



मूलचंद निर्मलकर केलाबाड़ी में रह कर अपनी शिक्षा दीक्षा पुरी की जिसको नागपुर शहर कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया है। मूलचंद निर्मलकर परिवार सहित नागपुर के डिप्टी सिग्नल में बस गए हैं। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने की है। मूलचंद के नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार माना है। मूलचंद को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, महासचिव बजरंगी छाटा दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकरउपाध्यक्ष किशोर निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे, युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मल कर राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर बालोद अध्यक्ष अश्वनी रजक आदि अनेक सामाजिक मुखिया ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। समाज ने गांधी जयंती के उपलक्ष में 2 अक्टूबर को राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर बोरिया खुर्द में अभिनंदन करने का निर्णय लिया है यह आयोजन दोपहर 12:00 बजे से होगा जिसमें अनेक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

गांधी जयंती पर पैरी में होगा आयोजन, गांधी प्रतिमा का होगा अनावरण

गुण्डरदेही। सर्वोदय संस्था के द्वारा गांधी जयंती का आयोजन 2 अक्टूबर को सर्वोदय भवन ग्राम पैरी में आयोजित किया गया है। जिसमें विष्णु प्रसाद ताम्रकार धमधा द्वारा निर्मित व प्रदत्त गांधी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर होंगी एवं अध्यक्षता सर्वोदय मंडल प्रांतीय अध्यक्ष दीनदयाल चौधरी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, गौ माता को खिचड़ी का भोग लगाने के साथ विचार सभा का आयोजन किया जाएगा।

बीएसपी से स्क्रैब कॉपर पार करने वाला पकड़ा गया

भिलाई। बीएसपी में प्रवेश कर 100 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई भट्ठी पुलिस ने बताया कि विवेचना में पूर्व में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विवेचना के दौरान हरीश बाग, प्रेम कुमार, दीपक ठाकुर, अंकुश ठाकुर, प्रीतम उर्फ पंचू, जीवन सरदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। सीआईएसएफ द्वारा पकड़े जाने की जानकारी सामने आई थी। स्क्रैब कॉपर केबल की कीमत 50,000 रुपये, 4 मोबाइल फोन 30,000 रुपये का है। चोरी के सामनो की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है। विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर आरोपी को जेल भेजा गया था।

नशे के लिए रकम छीनने वाला गिरफ्तार

भिलाई। शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने वाले को रकम नहीं मिलने पर रुपए छिनकर फरार होने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक खुर्सीपार के पास राहगीर का रास्ता रोकर रकम का डिमांड करने वाल खुर्सीपार निवासी विजय चौधरी को गिरफ्तार किया है। घटना की शिकायत वैभव प्रसाद ने पुलिस से किया था। रकम देने से मना करने पर आरोपी गाली-गलौज कर मारपीट कर पीड़ित के जेब में रखे रुपये छीनकर फरार हो गया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

77 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों ने लिया प्रशिक्षण

विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने जनपद गुरूर में एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने हेतु जनपद गुरूर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकसित भारत–जी राम जी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2027–28 के लिए विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत गुरूर की सभी 77 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों की स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों तथा ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए सहभागी एवं प्रभावी पंचायत विकास योजना तैयार करने पर चर्चा की गई।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यशाला में विकसित भारत–जी राम जी योजना को विशेष रूप से केंद्रित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे कार्योंके चयन पर जोर दिया गया, जिनसे ग्रामीण रोजगार, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण एवं संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और स्थायी परिसंपतियों का निर्माण सुनिश्चित हो सके। युक्तधारा मैपिंग एवं स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर कार्योंकी पहचान कर उन्हें ग्राम पंचायत प्लान में शामिल करने की प्रक्रिया के संबंध में प्रतिभागियोनकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर योगेश देंवागन ने बताया कि ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों का आंकलन, प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन, श्रमप्रधान कार्योंकी योजना, पात्र परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के साथ ही योजना निर्माण में ग्राम सभा की भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बेहतर योजना बनाने में सक्षम बनाना है, ताकि वित्तीय वर्ष 2027–28 में विकास कार्योंका प्रभावी क्रियान्वयन हो और ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों के साथ जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी मजबूत हो। कार्यशाला में सीईओ. जनपद पंचायत गुरूर पन्नालाल धुवे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके. बागडे, आरएल. सिरमौर, कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार देवांगन सहित अधिकारी–कर्मचारी ग्राम पंचायत आये सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने कमजोर विद्यार्थियों पर दें विशेष ध्यान : बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



■ संजारी स्कूल में स्टाफ बैठक लेकर परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू ने स्टाफ बैठक लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारियों और कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के संबंध में शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

बीईओ भूषण साहू ने कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ निर्धारित समय-सीमा में पाठ्यक्रम पूरा कराया जाए। इसके बाद पर्याप्त पुनरावृत्ति कराते हुए विषयवार कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त अभ्यास कराया जाए। कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं और उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करने पर भी उन्होंने जोर दिया। भूषण साहू ने कहा कि परीक्षा परिणाम सुधारने में विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय भी महत्वपूर्ण है। बैठक में प्राचार्य गुलाब चंद नायक, परीक्षा प्रभारी शिवेन्द्र बहादुर साहू, पद्मा कोठारी, बबीता दीवान, अर्पणा वर्मा, मीनाक्षी आर्य, किरण शिवाने, डोंगरमल रामटेके, आलोक विश्वकर्मा, उर्मिला तारम, रीमा सोरी, नंदिनी जोशी, तीजूराम कुमेटी, धर्मिता देहारी, लालिमा रात्रे, सुधीर कुमार यादव, उमाशंकर कृषाण, संजय देवांगन, लक्ष्मी नारायण बढ़ई, संगीता सुधाकर, गिरिजा भुआर्य एवं गुलाब इंदौरिया उपस्थित रहे।

विश्व हृदय दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ पोस्टर-चार्ट के जरिए हृदय रोगों के कारण, लक्षण और बचाव की दी जानकारी

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानीटोला में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम दानीटोला, जिला चिकित्सालय बालोद एवं शहीद अस्पताल, दल्लीराजहरा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हृदय रोगों के कारण, लक्षण, बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने पोस्टर, चार्ट एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को हृदय रोगों के प्रमुख कारणों एवं जोखिम कारकों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बताया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर खान–पान, शारीरिक निक्रियता एवं तनाव हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। विद्यार्थियों ने लोगों को नियमित व्यायाम एवं योग करने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नमक एवं वसा का सेवन कम करने, धूम्रपान एवं तंबाकू से दूर रहने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, हृदय रोग के चेतावनी संकेतों के प्रति जागरूक करते हुए समय पर चिकित्सकीय सहायता लेने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ. सिजो कोशी एवं भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रोफेसर श्रीमान डेनियल दीपक मसीह सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नर्सिंग विद्यार्थियों में स्वास्थ्य शिक्षा, नेतृत्व क्षमता एवं समाज के प्रति सेवा भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के शिक्षकगण, स्टाफ एवं नर्सिंग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा लोगों को "स्वस्थ हृदय, स्वस्थ जीवन" का संदेश दिया।

क्रिकेट बॉक्स के लिए चिन्हांकन से सरदार पटेल मैदान के अस्तित्व पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के प्रसिद्व सरदार पटेल मैदान में क्रिकेट बॉक्स स्थापित करने की योजना के तहत मैदान में चूना लगाकर स्थान को चिन्हांकित किया गया। स्थान चिन्हांकन से अब आगे शहर के बीचो बीच स्थित ऐतिहासिक सरदार पटेल मैदान का क्षेत्रफल आधा हो जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। अपनी बदहाली पर पहले ही आंशू बहा रहा यह मैदान अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है।

शहर के बीचों बीच स्थित पगर के एक मात्र मैदान सरदार पटेल मैदान जहां नगर का हर बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा सरदार पटेल मैदान शहर के बीचो बीच स्थित होने के कारण शहर के मुख्य मैदान के रूप में जाना जाता है, जहां कई ऐसे आयोजन होते हैं। जिससे मैदान का क्षेत्रफल पहले ही कम पड़ जाता है तथा मैदान के आस पास स्थित सड़को को बंद कर दर्शकों को सड़को में खड़े होकर मैदान में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता निभानी पड़ती है। लेकिन वर्तमान में प्रशासन द्वारा शहर के मुख्य मैदान सरदार पटेल मैदान में क्रिकेट बॉक्स टर्फ, पिंजरा लगाया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए मैदान में चूना से चिन्हांकन किया गया है, जिसे देखकर आम जनता में यह चर्चा है कि इससे मैदान का क्षेत्रफल आधा हो जाएगा तथा शहर के कई प्रसिद्व मुख्य आयोजन जो शहर के अंदर होने चाहिए वह करना संभव नही रह पाएगा, जिससे मैदान की शोभा धूमिल होगी जिससे मैदान के अस्तित्व पर संकट खड़े होने की आशंका है। ऐसे में लोगो का कहना है कि बरसात में थोड़े पानी गिरने पर तालाब में तब्दील हो जाने वाले मैदान की देखभाल प्रशासन कर नही पाती और अब मैदान का अस्तित्व खत्म करने की नियत से मैदान में क्रिकेट बॉक्स (टर्फ/पिंजरा) लगाया जा रहा है।

मैदान सूखे होने पर बच्चे स्वयं यहां आकर खुले मैदान में क्रिकेट खेलते दिखते है, प्रशासन को बच्चो के क्रिकेट की इतनी ही चिंता है तो पहले मैदान की स्थिति को सुधारा जाए ना की इसमे क्रिकेट बॉक्स (टर्फ/पिंजरा) लगाकर इसके क्षेत्रफल को कम करने का काम करे। मैदान की स्थिति सुधरने पर बच्चे हर मौसम में मैदान में हर प्रकार के खेल का आनंद ले सकते है। स्कूल के सैकड़ों बच्चे इसी खुले मैदान पर खेलते हैं और खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। एक बंद बॉक्स बनाकर मैदान का दायरा कम कर देना इन स्कूली बच्चों के बचपन और खेल अधिकारों पर सीधा प्रहार है।

विकसित ग्राम पंचायत बनाने सचिव एवं रोजगार सहायकों को दिया प्रशिक्षण



डौंडी। जनपद पंचायत डौंडी में 30 सितंबर को विकसित भारत जी-राम जी के तहत ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मांडले की उपस्थिति और कार्यक्रम अधिकारी नीरज वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों को विकसित एवं सशक्त बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में पंचायत विकास की योजनाओं, विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन, ग्रामीणों की सहभागिता और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा कर स्वीकृत आवासों की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति और लंबित कार्यों की जानकारी ली गई। सीईओ डी.डी. मांडले ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी नीरज वर्मा ने जी-राम जी के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए पंचायतों को विकसित बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने की बात कही।

राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय में 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर विविध आयोजन

अंडा। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी, दुर्ग में 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2026 के उपलक्ष्य में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम भविष्य के लिए आयुर्वेद रही। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा आयुर्वेद जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से जनसामान्य को आयुर्वेद से स्वास्थ्य देखभाल, संतुलित जीवनशैली एवं स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टरों एवं विभिन्न संदेशों के माध्यम से आयुर्वेद के महत्व को जनसामान्य तक पहुंचाया।

रैली के पश्चात पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अध्यापकगण तथा विद्यार्थियों द्वारा संकाय सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आयुर्वेद औषधीय वनस्पतियों, प्रकृति एवं मानव स्वास्थ्य के बीच संबंध तथा स्वस्थ भविष्य के लिए स्वस्थ पर्यावरण की आवश्यकता पर बल दिया गया।

आयुर्वेद दिवस समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए क्वीज प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वंदना फटिंग ने विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में आयुर्वेद की प्रासंगिकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, स्वस्थ जीवनशैली तथा समाज के प्रति स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। डॉ. नितिन गावंडे, सहायक प्राध्यापक, प्रसुति तंत्र विभाग ने भी आयुर्वेद दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों, स्वास्थ्य संरक्षण एवं वर्तमान स्वास्थ्य परिदृश्य में आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. साहू ने कहा कि स्वस्थतर भविष्य के लिए आयुर्वेद के संदेश के साथ आयोजित यह कार्यक्रम श्रृंखला राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की शिक्षा, सेवा, संस्कृति, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती रहेगी। उन्होंने 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एवं सेवा सकंल्प अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों, प्राचार्य, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. रुमीना खान प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, प्रसुति तंत्र विभाग द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

शिक्षिका प्रतिभा को राज्य स्तरीय गुरु गौरव सम्मान से सम्मानित किया



अंडा। शिक्षण में नवाचार, रचनात्मक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने वाली गुरु बालक दास शासकीय पूर्व माध्यमिक विघालय गोडेला विकासखंड गुण्डरदेही, जिला बालोल की शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी को राज्य स्तरीय गुरु गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें उनकी 18वर्षों की समर्पित शिक्षकीय सेवा और शिक्षा को गतिविधि आधारित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। बालोद के कला केंद्र संगीत महाविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 152 उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं बेनुराम साहू थे। अरुण कुमार साहू ने की। विशेष अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू, जनपद पंचायत सभापति दमयंती सुभाष हरदेल, इतिहासकार अरमान अश्क, प्रोफेसर के. मुरारी दास तथा प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष तामेश्वर प्रसाद कौशल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रमशीला साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक हुए शामिल

बोरीगारका में रामकथा सुनने उमड़े श्रद्धालु, आचार्य युवराज ने किया बालकांड का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति तत्वावधान में ग्राम बोरीगारका (पाऊवारा) में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंडित श्री युवराज पांडेय जी महाराज के श्रीमुख से रामकथा श्रवण करने श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा।

तृतीय दिवस की कथा का शुभारंभ भगवान शिव और जगदंबा की वंदना के साथ हुआ। आचार्य श्री ने बालकांड का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि सारा संसार राम का भजन करता है, लेकिन राम स्वयं अपने भाई भरत का भजन करते हैं। यही रामचरित मानस की महिमा है। उन्होंने कहा कि मानस मनुष्य के चरित्र को दर्शाता है। यह एक अद्भुत ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि 24 अवतारों में प्रथम अवतार से लेकर जय-विजय का रावण के रूप में जन्म और जालंधर का द्वितीय जन्म में रावण बनने की कथा का वर्णन किया। मनु और शतरूपा किस रूप में ब्रह्म को देखना चाहते थे, जिस भगवान राम के अंश के समान ब्रह्मा, विष्णु, महेश हैं, उस स्वरूप का वर्णन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, पद्मश्री डॉ. ममता चंद्राकर, प्रेम चंद्राकर, हर्ष साहू, प्रेम चंद साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत अशोक साहू, नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती साहू, डिकेन्द्र हिरवानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, डुमरडीह सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कमलेश गजपाल, योगनारायण गजपाल, वेदनारायण साहू, रामसिंह सोनबोइर, सरपंच बोरीगारका चुम्मन यादव, जागेश्वर साहू, राजेश साहू, गिरीश साहू, दुष्यंत साहू, दुलरवा सोनबेर, कुलेश्वर जांगड़े मंच संचालक दीपक कौशिक ने किया समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में राम कथा श्रोतागण उपस्थित थे।

